# उत्तराखंड में ऑपरेशन कालनेमि शुरू

- ठग साधुओं पर कार्रवाई को मुख्यमंत्री सख्त
- आस्था की आड़ में ठगी पर धामी का बड़ा एक्शन
- सोशल मीडिया पर सीएम ने जताई कड़ी नाराज़गी



**देहरादून, 10 जुलाई. उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी द्वारा राज्य में अनेक नए नियम और अभियान शुरू कर, देश भर में एक नई परम्परा शुरू करने की कवायद की है. इसी क्रम में, गुरुवार को उन्होंने देवभूमि उत्तराखंड में सनातन धर्म की आड़ में लोगों को ठगने और उनकी भावनाओं से खिलवाड़ करने वाले छद्म भेषधारियों के खिलाफ ऑपरेशन कालनेमि शुरू करने के अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए.**

धामी ने कहा कि प्रदेश में कई ऐसे मामले सामने आए हैं, जहां असामाजिक तत्व साधु-संतों का भेष धारण कर लोगों, विशेषकर महिलाओं को ठगने का कार्य कर रहे हैं. इससे न सिर्फ लोगों की धार्मिक भावनाएं आहत हो रही हैं बल्कि सामाजिक सौहार्द और सनातन परंपरा की छवि को भी नुकसान पहुंच रहा है. ऐसे में किसी भी धर्म का व्यक्ति यदि ऐसे कृत्य करता हुआ मिलता है तो उसके खिलाफ कड़ी कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी. सोशल मीडिया फेसबुक पर धामी ने लिखा, जिस प्रकार असुर कालनेमि ने साधु का भेष धारण कर भ्रमित करने का प्रयास किया था. वैसे ही आज समाज में कई 'कालनेमि' सक्रिय हैं जो धार्मिक भेष धारण कर अपराध कर रहे हैं. हमारी सरकार जनभावनाओं, सनातन संस्कृति की गरिमा की रक्षा और सामाजिक सौहार्द बनाये रखने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है. आस्था के नाम पर पाखंड फैलाने वालों को किसी भी सूरत में बख्शा नहीं जाएगा. उल्लेखनीय है कि धामी ने राज्य में समान नागरिक संहिता, नकल विरोधी कानून, नशा मुक्त देवभूमि जैसे नियम और अभियान शुरू कर एक नई इबारत लिखने का काम किया है जो अपने आप में एक नई मिसाल है.

> धामी ने कहा कि वर्ष 2023 में आयोजित ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट के दौरान राज्य सरकार को 3.5 लाख करोड़ के निवेश प्रस्ताव प्राप्त हुए थे. इनमें से एक लाख करोड़ की ग्राउंडिंग हो चुकी है, जो उत्तराखंड के औद्योगिक विकास के प्रति निवेशकों के विश्वास को दर्शाता है. उन्होंने कहा कि यह आयोजन स्थानीय उद्यमिता को प्रोत्साहन देगा और राज्य की आर्थिक समृद्धि के नए द्वार खोलेगा. उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि आयोजन से जुड़ी सभी व्यवस्थाएं सजगता और समन्वय के साथ सुनिश्चित की जाएं, जिससे राज्य की सकारात्मक छवि को देश-दुनिया के समक्ष सशक्त रूप से प्रस्तुत किया जा सके.

धामी ने गुरुवार को अपने आवास में उच्च स्तरीय बैठक के दौरान अधिकारियों को रुद्रपुर में प्रस्तावित एक लाख करोड़ रूपये की ग्राउंडिंग सेरेमनी के सफल आयोजन के लिए तैयारियाँ समयबद्ध रूप से पूर्ण करने के निर्देश दिए.

## पांच वर्ष का कार्यकाल पूरा करूंगा : सिद्धारमैया

**नई दिल्ली, 10 जुलाई (वार्ता)** कर्नाटक में नेतृत्व परिवर्तन की अटकलों के बीच मुख्यमंत्री सिद्धारमैया ने आज कहा कि वह अपना पांच साल का कार्यकाल पूरा करेंगे. सिद्धारमैया और उप मुख्यमंत्री डी के शिवकुमार इस समय दिल्ली में हैं. दोनों की लोकसभा में नेता एवं कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी से मुलाकात होनी है. शिवकुमार दिल्ली में ही कांग्रेस सांसद प्रियंका गांधी से बुधवार को मुलाकात कर चुकें हैं. सिद्धारमैया ने यहां पत्रकारों से बातचीत में कहा कि कर्नाटक में मुख्यमंत्री पद के लिए कोई वेकैंसी नहीं है और वह अपना पांच वर्ष का कार्यकाल पूरा करेंगे. उन्होंने कहा कि इन रिपोर्टों में कोई दम नहीं है कि कांग्रेस आलाकमान ने उनसे मुख्यमंत्री पद छोड़ने को कहा है. उन्होने कहा कि डी के शिवकुमार खुद भी कह चुके हैं कि मुख्यमंत्री पद को लेकर कोई वैकेंसी नहीं है. मुख्यमंत्री ने कहा कि आधे-आधे कार्यकाल का कोई फार्मूला नहीं है. आलाकमान जो भी फैसला करेगी हम उसे मानेंगे.

# भागलपुर में प्रसिद्ध श्रावणी मेला शुरू

**बिहार के उप मुख्यमंत्री चौधरी करेंगे श्रावणी मेले का उद्घाटन**

**गंगा घाटों और कांवरिया मार्ग को बनाया सुविधाजनक**



**भागलपुर, 10 जुलाई. बिहार में भागलपुर जिले के सुल्तानगंज में एक महीने तक चलने वाला विश्व प्रसिद्ध श्रावणी मेला आज शुरू . भागलपुर के जिलाधिकारी डॉ नवल किशोर चौधरी ने गुरुवार को यहां बताया कि बिहार के उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी श्रावणी मेला का उद्घाटन करेंगे. उन्होंने बताया कि मुख्य अतिथि के रुप में उप मुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा सहित कई मंत्री, सांसद , विधायक और स्थानीय जनप्रतिनिधिगण मौजूद रहेंगे.**

चौधरी ने बताया कि इस मेले की सभी तैयारियां पूरी कर ली गई है और इस दौरान आने वाले लाखों कांवरियों को बेहतर सुविधा मुहैय्या कराने के सारे इंतजाम किये गए हैं. उन्होंने बताया कि विभिन्न गंगा घाटों और कांवरिया मार्ग को श्रद्धालुओं के लिए सुविधाजनक बनाया गया है. इसके अलावे सम्पूर्ण मेला क्षेत्र में बिजली पानी, सफाई, चिकित्सा आदि की व्यवस्था की गई है. डॉ. चौधरी ने बताया कि इस मेले में बड़ी संख्या में देश विदेश से आने वाले श्रद्धालुओं के लिए सभी विद्यालयों, और धर्मशालाओं में ठहरने की व्यवस्था की गई है, जबकि कांवरिया मार्ग पर विभिन्न जगहों पर अस्थाई विश्राम घर का निर्माण कराया गया है. वहां पर बिजली, पानी, सफाई और स्वास्थ सेवा की सुविधा उपलब्ध रहेगी.

### मेला क्षेत्र में चिकित्सकों की टीम रहेगी तैनात

जिलाधिकारी ने बताया कि सुल्तानगंज मेला क्षेत्र से झारखंड के देवघर जिले की सीमा तक करीब 100 किलोमीटर निर्मित कच्चे कांवरिया मार्ग पर पैदल चलने वाले श्रद्धालुओं की सुविधा के लिये साफ सफेद बालू बिछाया गया है और हर दो घंटे के अंतराल में उस पर पानी का छिड़काव करने की व्यवस्था की गई है. इसके अलावा मेला क्षेत्र और कांवरिया मार्ग पर अलग-अलग जगहों पर नियंत्रण कक्ष सह सूचना केन्द्र बनाया गया है. वहां पर चिकित्सकों की टीम तैनात रहेगी. भागलपुर के वरीय पुलिस अधीक्षक हृदय कांत ने बताया कि श्रद्धालुओं की सुरक्षा एवं विधि-व्यवस्था बनाये रखने के लिए सुल्तानगंज मेला क्षेत्र और कांवरिया मार्ग पर पर्याप्त संख्या में पुलिस अधिकारियो और जवानों की प्रतिनियुक्ति की गई है. उन्होंने बताया कि श्रद्धालुओं की भीड़ में असमाजिक तत्वों पर नजर रखने के लिए सादे लिबास में भी पुलिस कर्मी तैनात रहेंगे.

# मोदी, शाह ने दी राजनाथ को जन्मदिन की बधाई

## देश को रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनाने के उनके प्रयासों की सराहना की



**नयी दिल्ली 10 जुलाई. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने गुरुवार को रक्षा मंत्री और वरिष्ठ भारतीय जनता पार्टी नेता राजनाथ सिंह को जन्मदिन की बधाई एवं शुभकामनाएं दीं. और देश को रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनाने तथा सशस्त्र बलों को मज़बूत बनाने के उनके प्रयासों की सराहना की.**

मोदी ने सोशल मीडिया एक्स पर शुभकामना संदेश पोस्ट किया, राजनाथ सिंह जी को उनके जन्मदिन पर हार्दिक शुभकामनाएँ. आपने मेहनत और बुद्धिमत्ता से अपनी अलग पहचान बनाई है. भारत को रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनाने और हमारे सशस्त्र बलों को मज़बूत बनाने के आपके प्रयास सराहनीय हैं. मैं उनके दीर्घायु और स्वस्थ जीवन की कामना करता हूँ.

केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने भी अपने साथी रक्षा मंत्री सिंह को जन्मदिन की बधाई दी और देश की सेना को मज़बूत करने के लिए उनकी सराहना की. शाह ने सोशल मीडिया एक्स पर पोस्ट किया, रक्षा मंत्री एवं भाजपा के वरिष्ठ नेता राजनाथ सिंह जी को जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएँ. मोदी जी के नेतृत्व में आप देश की सैन्य शक्ति को निरंतर सुदृढ़ करने और रक्षा के क्षेत्र में आत्मनिर्भरता को बढ़ावा देने में सराहनीय कार्य कर रहे हैं.

> चौहान ने अपने शुभकामना संदेश में लिखा, भाजपा परिवार के वरिष्ठ सदस्य, लोकप्रिय राजनेता, हमारे आदरणीय अग्रज एवं रक्षा मंत्री माननीय राजनाथ सिंह जी को जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएँ. प्रभु श्री राम की कृपा आप पर बनी रहे, आप सदैव स्वस्थ रहें और दीर्घायु हों - यही मेरी हार्दिक कामना है.

# बीजेपी के भ्रष्टाचार की कीमत जान : केजरीवाल

**दुर्घटना पर शोक जताते हुए इसकी गहन जांच की मांग**

**घायलों के जल्द स्वस्थ होने की प्रार्थना की**

**नई दिल्ली, 10 जुलाई. आम आदमी पार्टी ने गुजरात के महीसागर नदी पर बने पुल के गिरने से जान गंवाने वाले लोगों के प्रति गहरा दुख व्यक्त किया है. साथ ही, बीजेपी के 30 साल के भ्रष्ट शासन व्यवस्था पर भी सवाल खड़ा किया है.**

आप के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल और गुजरात प्रभारी गोपाल राय समेत अन्य बड़े नेताओं ने इस दुर्घटना पर शोक जताते हुए इसकी गहन जांच कराने और जिम्मेदार लोगों के खिलाफ कड़ी से कड़ी कार्रवाई की मांग की है, ताकि गुजरात में बार-बार हो रहे ऐसे हादसों पर रोक लग सके. उधर, आप गुजरात के स्थानीय कार्यकर्ता सूचना मिलते ही घटना स्थल पर पहुंच गए और बचाव अभियान में लगे प्रशासन की मदद में जुट गए.

आप के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने एक्स पर कहा कि गुजरात में हुआ यह हादसा बेहद दुखद और पीड़ादायक है. ईश्वर दिवंगत आत्माओं को शांति दें और शोक संतप्त परिवारों को इस अपार दुख को सहने की शक्ति दें. घायलों के जल्द स्वस्थ होने की प्रार्थना करता हूं. लेकिन इस समय एक अहम सवाल भी पूछना ज़रूरी है.



> अरविंद केजरीवाल ने कहा कि पिछले 30 सालों से गुजरात की सत्ता में बैठी बीजेपी क्या यह बताएगी कि बार-बार ऐसे घटिया और जानलेवा पुल गुजरात में कैसे बन रहे हैं, जो भरभराकर गिर जाते हैं? सत्ता के संरक्षण में हो रही इस लापरवाही और भ्रष्टाचार की कीमत आम लोगों को अपनी जान देकर चुकानी पड़ती है. इस दुर्घटना के ज़िम्मेदार चाहे कितने भी प्रभावशाली और रसूखदार लोग क्यों न हों, उनके खिलाफ सख़्त से सख्त कार्रवाई होनी चाहिए तभी हम भविष्य में ऐसे हादसों को रोक पाएंगे और मासूम लोगों की जान बचा पाएंगे.

# हिंदुओं के मंदिर तोड़ रही बीएनपी



ढाका, 10 जुलाई. बांग्लादेश की पूर्व पीएम शेख हसीना की पार्टी लीग ने बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी पर हिंदुओं और अल्पसंख्यकों पर हमले करने का गंभीर आरोप लगाया है. उनका कहना है कि बीएनपी के कार्यकर्ता हिंदुओं को डरा धमका कर देश छोड़ने के लिए मजबूर कर रहे हैं. अवामी लीग ने यह आरोप बीएनपी के एक नेता का नाम लेकर लगाया . अवामी लीग ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट करते हुए लिखा कि बीएनपी के नेता शहीदुल इस्लाम और उसके हथियारबंद गुंडों ने बिजॉय चंद्र के घर पर हमला किया. बिजॉय बांग्लादेश में हो रहे हिंदुओं पर अत्याचार के खिलाफ आवाज उठा रहे थे. पार्टी ने बताया यह घटना शनिवार को हुई, जब ठाकुरगांव जिले के रूहिया थाना इलाके में धोलारहाट यूनियन में स्थित उनके घर हमला हुआ.

> **अवामी लीग ने यूनुस सरकार पर बोला हमला**
>
> पार्टी ने सवाल उठाते हुए कहा कि क्या हिंसा, डराना-धमकाना, जातीय सफाया ही बीएनपी के लोकतंत्र का विचार है. अवामी लीग द्वारा लगातार अंतरिम सरकार के प्रमुख सलाहकार मोहम्मद यूनुस पर अल्पसंख्यकों के खिलाफ हिंसा की घटनाओं को लेकर हमला किया जा रहा है.

शेख हसीना की पार्टी ने कहा कि हमलावरों ने मानसा मंदिर को तबाह कर दिया और दो पवित्र मूर्तियों को भी तोड़ दिया.

## आज का इतिहास

| | |
|---|---|
| 1948 | येरूशलम पर पहला हवाई हमला. |
| 1957 | इस्लामी धार्मिक नेता और मुस्लिम लीग के संस्थापक सदस्य आगा खां का निधन. |
| 1971 | चिली की तांबे की खदानों का राष्ट्रीयकरण किया. |
| 1973 | पैरिस के निकट ब्राजील का बोइंग विमान दुर्घटनाग्रस्त, 122 की मौत. |
| 1989 | विश्व जनसंख्या दिवस मनाने की शुरुआत हुई. |
| 1995 | अमेरिकी और वियतनाम के बीच कूटनीतिक संबंध स्थापित हुए. |
| 1995 | बोस्निया में 7000 से ज्यादा लोगों का नरसंहार. |
| 2002 | चांग शांग दक्षिण कोरिया की पहली महिला पीएम बनीं. |
| 2006 | मुंबई की लोकल रेलगाड़ियों में सिलसिलेवार बम धमाके, जिसमें 160 से ज्यादा लोगों की मौत हुई थी. |

# भारत में शुरू होगी स्टारलिंक सेवा




**नयी दिल्ली 10 जुलाई. भारत में सैटेलाइट आधारित इंटरनेट सर्विस शुरू करने के लिए एलन मस्क की कंपनी स्टारलिंक को बुधवार को देश के स्पेस रेगुलेटर भारतीय राष्ट्रीय अंतरिक्ष संवर्धन एवं प्राधिकरण केंद्र से मंजूरी मिल गई है.**

इन-स्पेस की वेबसाइट पर उपलब्ध ऑथराइजेशन लिस्ट के अनुसार, इस मंजूरी के बाद स्टारलिंक के लिए देश में कमर्शियल सैटेलाइट आधारित इंटरनेट सर्विस शुरू करने के लिए अंतिम विनियामक बाधा दूर हो गई है. स्टारलिंक को अब सरकार से स्पेक्ट्रम हासिल करना होगा और अपनी सेवाओं के लिए जमीनी इन्फ्रास्ट्रक्चर तैयार करना होगा. दूरसंचार विभाग सुरक्षा अनुपालन को पूरा करने के लिए अमेरिकी अंतरिक्ष कंपनी को ट्रायल स्पेक्ट्रम देने के लिए तैयार है. स्टारलिंक ने भारत में वीसैट प्रोवाइडर्स के साथ पहले ही व्यावसायिक समझौते पर हस्ताक्षर कर लिए हैं. वीसैट सेवा प्रदाता उपग्रह-आधारित इंटरनेट और संचार समाधान प्रदान करते हैं, खासकर उन स्थानों के लिए जहां स्थलीय कनेक्टिविटी सीमित या बिल्कुल नहीं है.

स्टारलिंक पृथ्वी की परिक्रमा करने वाले सैटेलाइट के एक नेटवर्क के माध्यम से इंटरनेट प्रदान करता है. कंपनी वर्तमान में दुनिया के सबसे बड़े सैटेलाइट नेटवर्क का संचालन करती है, जिनके 6,750 से अधिक सैटेलाइट कक्षा में स्थापित हैं.

स्टारलिंक इंटरनेट सेवाएं मंगोलिया, जापान, फिलीपींस, मलेशिया, इंडोनेशिया, जॉर्डन, यमन, अजरबैजान और श्रीलंका सहित कई देशों में पहले से ही उपलब्ध हैं.

## कांग्रेस विधायक के आवास पर ईडी की छापेमारी

**बेंगलुरु, 10 जुलाई.** प्रवर्तन निदेशालय ने गुरुवार को विदेशी मुद्रा प्रबंधन अधिनियम के तहत कर्नाटक कांग्रेस विधायक एसएन सुब्बा रेड्डी से जुड़े कई ठिकानों पर छापेमारी की. आधिकारिक सूत्रों के अनुसार छापेमारी बेंगलुरु में कम से कम पांच ठिकानों पर की गई, जिनमें रेड्डी का आवास और उनसे जुड़े अन्य ठिकाने भी शामिल हैं. रेड्डी चिक्कबल्लापुरा जिले के बागेपल्ली विधानसभा क्षेत्र से विधायक हैं.

भारतीय रिज़र्व बैंक
RESERVE BANK OF INDIA
www.rbi.org.in
मानव संसाधन प्रबंध विभाग

सार्वजनिक सूचना

भारतीय रिज़र्व बैंक वार्षिक स्वास्थ्य जांच कार्यक्रम हेतु सेवा प्रदाता के रूप में कार्य करने के लिए प्रतिष्ठित वेंडरों से एमएसटीसी (https://www.mstcecommerce.com/eprocn/) के माध्यम से ई-निविदाएं आमंत्रित करता है। विवरण के लिए www.rbi.org.in पर निविदा खंड देखें।

मुंबई

प्रभारी मुख्य महाप्रबंधक
मा.सं.प्र.वि, भारतीय रिज़र्व बैंक

"पैसे का वादा करने वाले ई-मेल/एसएमएस/टेलीफोन द्वारा धोखा न खाएं"

एचईजी लिमिटेड
CIN : L23109MP1972PLC008290

पंजी. कार्या.: मंडीदीप (भोपाल के निकट) जिला रायसेन-462046, (म.प्र.); फोन: 07480-233524 to 233527, 405500
कॉर्पो. कार्या.: भीलवाड़ा टॉवर्स, ए-12, सेक्टर-1, नोएडा-201301, (उ.प्र.); फोन: 0120-4390300 (EPABX), फैक्स: 0120-4277841
ई-मेल: heg.investor@lnjbhilwara.com; वेबसाईट: www.hegltd.com

**53वीं वार्षिक आम बैठक की सूचना एवं ई-वोटिंग की जानकारी**

4 जलाई, 2025 को जारी किए गए हमारे अखबार के विज्ञापन के क्रम में, एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि एचईजी लिमिटेड की **53वीं वार्षिक आम बैठक ('एजीएम') बुधवार, 20 अगस्त, 2025 को 12:30 बजे अपराह्न वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग ('वीसी')/अन्य ऑडियो विजुअल साधनों ('ओएवीएम')** के माध्यम से एजीएम की सूचना में विदित व्यवसायों के सम्पादन हेतु सदस्यों की एजीएम स्थल पर भौतिक उपस्थिति के बिना आयोजित की जाएगी। एजीएम का स्थान कम्पनी का पंजीकृत कार्यालय मंडीदीप (भोपाल के निकट), जिला रायसेन – 462 046, मध्य प्रदेश माना जाएगा।

कॉर्पोरेट कार्य मंत्रालय द्वारा जारी सामान्य परिपत्र संख्या 20/2020 दिनांकित 5 मई, 2020 के साथ पठित सामान्य परिपत्र संख्या 09/2024 दिनांकित 19 सितम्बर, 2024 एवं अन्य जारी प्रासंगिक परिपत्रों ('एमसीए परिपत्रों') तथा भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड द्वारा जारी परिपत्र संख्या SEBI/HO/CFD/CFD-PoD-2/P/CIR/2024/133 दिनांकित 3 अक्टूबर, 2024 एवं अन्य जारी प्रासंगिक परिपत्रों ('सेबी परिपत्रों') के अनुसार, 53वीं एजीएम की सूचना एवं कम्पनी की वार्षिक रिपोर्ट जिसमें वित्तीय वर्ष 2024-25 हेतु एकल व समेकित वित्तीय विवरण शामिल हैं, साथ ही बोर्ड रिपोर्ट, लेखा परीक्षक की रिपोर्ट एवं इसके साथ संलग्न किए जाने वाले अन्य दस्तावेज, 10 जुलाई, 2025 को इलेक्ट्रॉनिक माध्यम से कम्पनी के उन सदस्यों को भेज दिए गए हैं जिनके ईमेल पते कम्पनी/नेशनल सिक्योरिटीज डिपॉजिटरी लिमिटेड ("एनएसडीएल") और सेंट्रल डिपॉजिटरी सर्विसेज (इंडिया) लिमिटेड ("सीडीएसएल") (सामूहिक रूप से "डिपॉजिटरीज" के रूप में संदर्भित)/रजिस्ट्रार व ट्रांसफर एजेंट ("आरटीए") के साथ पंजीकृत हैं। कम्पनी ने सेबी (सूचीबद्धता बाध्यताएँ और प्रकटीकरण अपेक्षाएँ) विनियम, 2015 के विनियम 36(1)(बी) के अनुसार, 10 जुलाई, 2025 को उन शेयरधारकों को एक पत्र भी भेजा है जिन्होंने कम्पनी के साथ अपनी ईमेल आईडी पंजीकृत नहीं की है, जिसमें वार्षिक आम बैठक (एजीएम) की सूचना एवं वित्त वर्ष 2024-25 की वार्षिक रिपोर्ट अभिगमन हेतु एक सीधा वेब लिंक/पथ और क्यूआर कोड प्रदान किया गया है। सूचना की भौतिक प्रति सहित संलग्न दस्तावेज उन सदस्यों को भेजे जाएँगे जिन्होंने इसके लिए अनुरोध किया हो।

53वीं एजीएम की सूचना तथा वार्षिक रिपोर्ट कम्पनी की वेबसाइट अर्थात् www.hegltd.com, स्टॉक एक्सचेंजों, जहाँ कम्पनी के शेयर सूचीबद्ध हैं, अर्थात् बीएसई लिमिटेड एवं नेशनल स्टॉक एक्सचेंज ऑफ इंडिया लिमिटेड की वेबसाइट www.bseindia.com एवं www.nseindia.com क्रमशः पर तथा कम्पनी द्वारा एजीएम में रिमोट ई-वोटिंग/ ई-वोटिंग की सुविधा प्रदान करने हेतु नियुक्त नेशनल सिक्योरिटीज डिपॉजिटरी लिमिटेड (एनएसडीएल) की वेबसाइट www.evoting.nsdl.com भी उपलब्ध हैं।

इसके अतिरिक्त, सदस्य वित्तीय वर्ष 2024-25 की वार्षिक रिपोर्ट सीधे निम्नलिखित लिंक पर देख सकते हैं:

https://hegltd.com/wp-content/uploads/2025/07/HEG-AR-2025.pdf

**सदस्य आगे ध्यान दें कि:**

a) एजीएम की सूचना में निर्दिष्ट व्यवसाय(ओं) का सम्पादन रिमोट ई-वोटिंग अथवा एजीएम ई-में वोटिंग सुविधा के माध्यम से किया जाएगा।

b) सदस्यों के वोट करने का अधिकार, कट-ऑफ तिथि अर्थात् **बुधवार, 13 अगस्त, 2025** के अनुसार, कम्पनी की प्रदत्त समता शेयर पूंजी में उनके हिस्से के अनुपात में होगा। वह व्यक्ति जिसका नाम सदस्यों के रजिस्टर में कट-ऑफ तिथि पर सदस्य/लाभार्थी के रूप में दर्ज हो, केवल वही रिमोट ई-वोटिंग/एजीएम में वोटिंग की सुविधा प्राप्त करने हेतु अधिकृत होगा तथा जो व्यक्ति कट-ऑफ तिथि की सदस्य नहीं हो उसे यह सूचना जानकारी मात्र के उद्देश्य से ही व्यवहृत करनी चाहिए।

c) कम्पनी के सदस्यों का रजिस्टर और शेयर ट्रांसफर पुस्तकें एजीएम के उद्देश्य से **बृहस्पतिवार, 14 अगस्त, 2025 से बुधवार, 20 अगस्त, 2025 (दोनों दिन सम्मिलित)** तक बंद रहेंगी।

d) जिन सदस्यों के नाम **बुधवार, 13 अगस्त, 2025** अर्थात् पुस्तक-बंदी के आरम्भ होने के पूर्व की तारीख में सदस्यों के रजिस्टर/ लाभार्थियों की सूची में सम्मिलित हो, उन्हें वित्तीय वर्ष 2024-25 हेतु रुपये 2 प्रत्येक अंकित मूल्य के समता शेयर पर रुपये 1.80 प्रति समता शेयर के लाभांश, जैसा की मंडल द्वारा अनुशंसित है, की अदायगी, यदि कम्पनी की 53वीं एजीएम में घोषित किया जाता है, एजीएम की तिथि के 30 दिनों के अन्दर की जाएगी।

e) एजीएम की सूचना में, अन्य बातों के अतिरिक्त, रिमोट ई-वोटिंग/ई-वोटिंग की प्रक्रिया एवं प्रणाली तथा एजीएम में भाग लेने हेतु निर्देश शामिल हैं।

f) रिमोट ई-वोटिंग की अवधि **शनिवार, 16 अगस्त, 2025 (9:00 बजे पूर्वाह्न) से आरम्भ होगी तथा मंगलवार, 19 अगस्त, 2025 (5:00 बजे अपराह्न)** को समाप्त होगी। उक्त तिथि और समय के उपरान्त रिमोट ई-वोटिंग की अनुमति नहीं दी जाएगी।

g) इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग इवेन्ट नम्बर (EVEN): 134411

h) कोई भी व्यक्ति जो सूचना के प्रेषण के पश्चात् शेयरों का अधिग्रहण करता एवं कम्पनी का सदस्य बनाता है तथा कट-ऑफ तिथि अर्थात् **बुधवार, 13 अगस्त, 2025**, के अनुसार शेयरों की प्रतिरक्षा करता है, वह evoting@nsdl.com पर ईमेल द्वारा, अपना डीमैट खाता संख्या/फोलियो संख्या, पैन, नाम तथा पंजीकृत पता के उल्लेख सहित, एक अनुरोध भेजकर लॉगिन आईडी और पासवर्ड प्राप्त कर सकता है। हालांकि, जो सदस्य पहले से ही ई-वोटिंग हेतु एनएसडीएल के साथ पंजीकृत हैं, रिमोट ई-वोटिंग/एजीएम में वोटिंग के माध्यम से अपना वोट डालने के लिए मौजूदा यूजर आईडी और पासवर्ड का उपयोग कर सकते हैं।

i) भौतिक रूप में, डीमैटरियलाइज्ड रूप में शेयर रखने वाले या अपना ईमेल पता कम्पनी के साथ पंजीकृत नहीं करने वाले सदस्यों के लिए मतदान का तरीका एजीएम की सूचना में दिया गया है, जो कम्पनी की वेबसाइट www.hegltd.com पर भी उपलब्ध है।

j) ई-वोटिंग की सुविधा एजीएम में उपलब्ध कराई जाएगी और एजीएम में सम्मिलित होने वाले सदस्य जिन्होंने पहले से अपना वोट नहीं डाला है, वे एजीएम की सूचना में निर्दिष्ट व्यवसाय(ओं) पर अपना वोट इलेक्ट्रॉनिक माध्यम से डाल सकते हैं। आगे, वे सदस्य जिन्होंने एजीएम से पहले रिमोट ई-वोटिंग द्वारा अपना वोट डाला हो, वे एजीएम में वीसी/ओएवीएम के माध्यम से सम्मिलित हो सकते हैं, परन्तु एजीएम में अपना वोट डालने हेतु अधिकृत नहीं होंगे।

k) श्री साकेत शर्मा, एक संव्यावसायिक कम्पनी सचिव (प्रैक्टिस प्रमाणपत्र संख्या 2565, सदस्यता संख्या एफसीएस 4229), पार्टनर, मैसर्स जीएसके एंड एसोसिएट्स, को निष्पक्ष और पारदर्शी तरीके से ई-वोटिंग और रिमोट ई-वोटिंग प्रक्रिया की जांच हेतु संवीक्षक के तौर पर नियुक्त किया गया है।

l) परिणाम की घोषणा बैठक के समापन से दो कार्य दिवस के अन्दर, कम्पनी की वेबसाइट (www.hegltd.com), एनएसडीएल की वेबसाइट (www.evoting.nsdl.com) पर प्रदर्शित कर तथा बीएसई लिमिटेड एवं नेशनल स्टॉक एक्सचेंज ऑफ इंडिया लिमिटेड में फाइलिंग कर किए जाएंगे। यह कम्पनी के पंजीकृत कार्यालय एवं कॉर्पोरेट कार्यालय के सूचना पट्ट पर भी प्रदर्शित किया जाएगा। वोटों की अपेक्षित संख्या के अधीन, प्रस्तावों को एजीएम की तारीख अर्थात् 20 अगस्त, 2025 को पारित माना जाएगा।

जिन सदस्यों ने अपना ईमेल-आईडी और/अथवा बैंक विवरण पंजीकृत नहीं किया है, उनसे अनुरोध है कि वे नीचे दी गई प्रक्रिया का पालन करके इसे पंजीकृत करें:

**भौतिक धारिता वाले शेयरधारक:**

भौतिक धारिताशेयरधारकों को अपना ईमेल पता/मोबाइल नंबर/बैंक खाता विवरण अवं अन्य विवरण अद्यतानित करने हेतु फॉर्म ISR-1 एवं अन्य फॉर्म भरना होगा, अगर उन्होंने अभी तक अद्यतन नहीं किया है, और इसे पूर्णतः भरकर कम्पनी के आरटीए अर्थात् **एमसीएस शेयर ट्रांसफर एजेंट लिमिटेड (यूनिटः एचईजी लिमिटेड), 179-180, डीएसआईडीसी शेड, तृतीय तल, एफ-65, प्रथम तल, ओखला इंडस्ट्रियल एरिया, फेज-1, नई दिल्ली-110020**, फोन नंबर 011-41406149-51 पर भेजना होगा। उक्त फॉर्म को कम्पनी की वेबसाइट अर्थात www.hegltd.com से **Investors > Investor Service Request > Updation of PAN, KYC, Nomination and Bank Account Details etc.** शीर्षक के अंतर्गत डाउनलोड किया जा सकता है।

**डीमैट धारिता वाले शेयरधारक:**

क) कृपया अपने डिपॉजिटरी प्रतिभागी (डीपी) से संपर्क करें और अपने ईमेल पते/मोबाइल नंबर/पैन/बैंक खाता विवरण को, यदि वे आपके डीमैट खाते में अभी तक अद्यतानित नहीं हुए हैं, तो अपने डीपी द्वारा बताई गई प्रक्रिया के अनुसार पंजीकृत करें।

ख) यदि ईमेल पता/मोबाइल नंबर अद्यतानित है, परन्तु वर्तमान में आपने अपने डीमैट खाते में "ईमेल आरटीए डाउनलोड फ्लैग" को "नहीं" का विकल्प चुना है, तो आप अपने डीपी से ईमेल डाउनलोड फ्लैग "हाँ" करने हेतु संपर्क कर सकते हैं ताकि आप कम्पनी द्वारा ईमेल के माध्यम से भेजे गए विभिन्न संचार प्राप्त करने में सक्षम हो सकें। अथवा आप अपने डीपी से अपने डीमैट खाते में आवश्यक अद्यतन करने का आग्रह कर सकते हैं ताकि भविष्य में आप इलेक्ट्रॉनिक मोड में कम्पनी से वार्षिक रिपोर्ट/सूचना/विभिन्न संचार प्राप्त करने में सक्षम हो सकें।

सदस्य ध्यान दें कि आयकर अधिनियम, 1961, जैसा कि वित्त अधिनियम, 2020 द्वारा संशोधित किया गया है, के अधिदेशानुसार 1 अप्रैल, 2020 को या उसके पश्चात् किसी कम्पनी द्वारा भुगतान या वितरित लाभांश शेयरधारकों के हाथों में कर योग्य होगा। अतः कम्पनी को अन्तिम लाभांश, यदि कम्पनी के आगामी एजीएम में घोषित किया जाता है, बनाते समय स्रोत पर कर कटौती करने (टीडीएस) की आवश्यकता होगी। काटे जानेवाले टैक्स की दर, शेयरधारक की आवासीय स्थिति, श्रेणी के आधार पर अलग-अलग होगी तथा कम्पनी को संबंधित शेयरधारक द्वारा प्रदान की गई अपेक्षित घोषणाओं/दस्तावेजों के प्रावधान के अधीन होगा।

हमें उपयुक्त टीडीएस दर निर्धारित करने में सक्षम बनाने हेतु, सदस्यों से अनुरोध है कि वे **31 जुलाई, 2025** को या उससे पूर्व आयकर अधिनियम, 1961 के प्रावधानों के अनुसार दस्तावेज जमा करें। कृपया ध्यान दें कि कम्पनी ने अपने ईमेल संचार दिनांकित 30 मई, 2025 एवं समाचार पत्र विज्ञापन के माध्यम से भी सदस्यों को आयकर अधिनियम, 1961 में इस परिवर्तन के साथ-साथ लागू कर दर का लाभ उठाने हेतु सदस्यों द्वारा अपनाई जाने वाली प्रासंगिक प्रक्रिया के बारे में सूचित किया था।

**इलेक्ट्रॉनिक माध्यम से लाभांश का भुगतान:**

भौतिक फोलियो में शेयर रखने वाले शेयरधारकों से अनुरोध है कि वे ध्यान दें कि सेबी ने रजिस्ट्रार व ट्रांसफर एजेंटों को जारी अपने मास्टर परिपत्र संख्या SEBI/HO/MIRSD/ POD-1/P/CIR/2024/37 दिनांकित 7 मई, 2024 एवं सेबी परिपत्र संख्या SEBI/HO/MIRSD/ POD-1/P/CIR/2023/181 दिनांकित 17 नवम्बर, 2023, यथा संशोधित, के माध्यम से यह अनिवार्य किया है कि 1 अप्रैल, 2024 से भौतिक मोड में शेयर धारण करनेवाले शेयरधारकों को लाभांश का भुगतान केवल इलेक्ट्रॉनिक माध्यम से किया जाएगा। भौतिक शेयर धारण करनेवाले अधिकृत शेयरधारकों को उक्त भुगतान तभी किया जाएगा जब वे अपना पैन, संपर्क विवरण (पिन एवं मोबाइल नंबर सहित डाक पता), बैंक खाता विवरण तथा अपने संबंधित भौतिक फोलियो के लिए नमूना हस्ताक्षर कम्पनी या आरटीए को प्रस्तुत कर देंगे। अधिक जानकारी के लिए कृपया लाभांश टीडीएस संचार से सम्बद्ध एजीएम की सूचना के नोट नं. 27 संदर्भित करें। इसकी प्रतियां कम्पनी की वेबसाइट अर्थात् *www.hegltd.com* पर भी उपलब्ध हैं।

किसी भी प्रश्न के मामले में, आप www.evoting.nsdl.com के डाउनलोड अनुभाग पर उपलब्ध फ्रीक्वेंटली आस्कड क्वेश्चन (एफएक्यू) तथा शेयरधारकों के लिए ई-वोटिंग उपयोगकर्ता पुस्तिका संदर्भित कर सकते हैं अथवा 022 – 4886 7000 एवं 022 – 2499 7000 पर कॉल करें अथवा evoting@nsdl.com पर अनुरोध भेजें। रिमोट ई-वोटिंग या ई-वोटिंग की सुविधा से संबंधित किसी भी शिकायत के मामले में, कृपया सुश्री पल्लवी म्हात्रे, वरिष्ठ प्रबंधक, नेशनल सिक्योरिटीज डिपॉजिटरी लिमिटेड, तृतीय तल, नमन चौम्बर्स, प्लॉट सी-32, जी-ब्लॉक, बांद्रा कुर्ला कॉम्प्लेक्स, बांद्रा पूर्व, मुंबई – 400 013 अथवा निर्दिष्ट ईमेल आईडी evoting@nsdl.com पर संपर्क करें।

**भौतिक शेयरों के हस्तांतरण अनुरोध को पुनः दाखिल करने हेतु विशेष विंडो**

जिन निवेशकों/भौतिक शेयरधारकों ने भौतिक शेयरों के हस्तांतरण विलेख पुनः दाखिल करने की समय सीमा चूक दी है, उनके लिए भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सेबी) ने अपने परिपत्र संख्या SEBI/HO/MIRSD/MIRSD-PoD/P/CIR/2025/97 दिनांकित 2 जुलाई, 2025 के माध्यम से 7 जुलाई, 2025 से 6 जनवरी, 2026 तक छह महीने की विशेष विंडो की घोषणा की है, जिससे शेयरधारकों को 1 अप्रैल, 2019 से पहले जमा किए गए, लेकिन दस्तावेजों/प्रक्रिया/या अन्य कारणों से अस्वीकृत/वापस किए गए/उपेक्षित हस्तांतरण दस्तावेजों को पुनः दाखिल करने की अनुमति मिल जाएगी। हस्तांतरण हेतु पुनः दाखिल की जाने वाली प्रतिभूतियाँ केवल डीमैट मोड में जारी की जाएँगी।

कृते एचईजी लिमिटेड
हस्ता./-
(विवेक चौधरी)
कम्पनी सचिव
(A-13263)

स्थान : नोएडा (उ.प्र.)
दिनांक : 10 जुलाई, 2025